OM - 18 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 11/29/2021 11:31 AM Page 12



# सुख-शांति के लिए पवित्रता को दें प्राथमिकता



## समारोह में...

### 25 ईश्वरीय धारणा युक्त पवित्र युगलों का हुआ सम्मान

### सभी ने दिल खोलकर दीं ढ़ेर सारी शुभकामनायें

**उदयपुर-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 25 पवित्र युगलों के सम्मान समारोह में राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. निर्मला दीदी,संयुक्त मुख्य प्रशासिका,ब्रह्माकुमारीज़, माउण्ट आबू ने कहा कि उदयपुर के ऐसे महान युगल धन्य हैं जिन्होंने गृहस्थ को पवित्र बनाया है। ब्रह्माकुमारी संस्थान में ऐसे लाखों पवित्र परिवारों ने अपने कर्मक्षेत्र पर रहते जीवन को पवित्र और दिव्य बनाया है। ये सिवाय परमात्म शक्ति के कोई भी कर नहीं सकता और इसी पवित्र प्रवृत्ति ही से आने वाले नवयुग का पुनः निर्माण होगा।
राजयोगिनी ब्र.कु. पूनम दीदी, निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़, राजस्थान सबज़ोन ने बताया कि समाज में जहाँ कई जगह कई तरह से नारी का अपमान हो रहा है, वहीं भगवान के घर में नर को श्री नारायण और नारी को श्री लक्ष्मी बनाने का कार्य परमात्मा ज्ञान और राजयोग के माध्यम से कर रहे हैं। महाराजकुमार लक्ष्यराज सिंह,मेवाड़ ने कहा कि इस ईश्वरीय परिवार की बहनों से मुझे निःस्वार्थ दैवी स्नेह का अनुभव हुआ और इस अनुभव की ज्योति सदा मेरे जीवन को उज्जवल बनाये रखेगी। मेरा यह अलौकिक सम्मान अनेक युवाओं को अलौकिकता की प्रेरणा ज़रूर देगा। रास बिहारी शरण,महामंडलेश्वर, मेवाड़ ने बताया कि ब्रह्मचर्य का मतलब ही है कि अपने लक्ष्य को सदैव याद रखना। उन्होंने सभी युगलों को अपनी शुभकामनायें दीं। आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रिंसिपल दीक्षित जी ने बताया कि जिन्होंने अपने जीवन को एक ऊँचाई प्रदान की, समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया, ऐसे पवित्र युगलों और समस्त भाई-बहनों का मैं अभिवादन करता हूँ। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रीटा बहन ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया।

## 'नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं परिचर्चा'

# 'राजयोग' स्वास्थ्य के लिए रामबाण

**कोरबा-छ.ग.।** ब्रह्माकुमारीज़ के सानिध्य में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आंतरिक शांति अनुभूति केन्द्र,पम्प हाउस के परिसर में आयोजित 'निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं परिचर्चा' में राजकिशोर प्रसाद,महापौर,नगर पालिका निगम कोरबा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति के लिए राजयोग रामबाण है। यह सभी औषधियों के ऊपर है। मैं भी ब्रह्माकुमारीज़ परिवार का नियमित सदस्य हूँ और राजयोग से लाभान्वित हूँ। उन्होंने कहा कि कोरबा क्षेत्र को व्यसन मुक्त एवं खुशहाल बनाने के लिए संस्था और नगर पालिका निगम के संयुक्त प्रयास से कार्य योजना बनायेंगे, जिसे फलीभूत करने का हमारा सम्पूर्ण प्रयास रहेगा। डॉ. के.सी. देबनाथ,अक्षय हॉस्पिटल कोरबा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में मानसिक बीमारी 90 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुकी है, जो कि एक ज्वलंत समस्या है। आपने कहा कि सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक और उनके द्वारा दिये गये परामर्श से भी इसका निदान सम्भव नहीं है। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शक्तियों को जागृत कर मानसिक विकारों से मुक्ति पा सकते हैं। राजयोगिनी ब्र.कु. रुकमणी बहन ने कहा कि राजयोग तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है।

- सभी औषधियों के ऊपर है राजयोग : महापौर
- नियमित राजयोग अभ्यास से सम्पूर्ण स्वास्थ्य : डॉ. देबनाथ
- तन और मन का स्वास्थ्य राजयोग में : ब्र.कु. रुक्मणी



सिखाये जा रहे राजयोग के नियमित अभ्यास से जीवन खुशहाल और सम्पूर्ण स्वस्थ बनता है। यह भारत की प्राचीन पद्धति और एक साधना है। जिससे हम अपनी मानसिक दिनचर्या में यदि हम पंद्रह मिनट भी इसका अभ्यास करें तो बहुत लाभकारी होगा। मंच का संचालन शेखर राम भाई ने किया तथा राजयोग का अभ्यास ब्र.कु. बिन्दु बहन ने करवाया।

# 'मेरा उत्तराखंड, व्यसनमुक्त उत्तराखंड' अभियान के अंतर्गत किया जागरुक

**श्रीनगर-गढ़वाल(उत्तराखण्ड)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'मेरा उत्तराखंड, व्यसनमुक्त उत्तराखंड' अभियान के अंतर्गत समस्त गढ़वाल ग्राम वासियों को जागरुक करने के लिए मोबाइल वैन का मोहन सिंह बिष्ट,नायब तहसीलदार, बहन एल्विन रॉक्सी,आर.टी.ओ. श्रीनगर, गिरीश पैनुली,मंडल अध्यक्ष,भाजपा, हरिओमराज चौहान,कोतवाल, दीपक तिवारी,बाज़ार चौकी प्रभारी,भोपाल सिंह चौधरी,अन्ना टीम के राष्ट्रीय सदस्य आदि गणमान्य अतिथियों ने बड़े ही हर्षोल्लास से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए इस श्रेष्ठ कदम को एक अतुलनीय शुरुआत बताते



हुए बढ़-चढ़कर सराहना की एवं इसमें अपना पूरा सहयोग देने का शुभ संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्टर शो के माध्यम से नशा मुक्ति की विस्तृत जानकारी देते हुए करीब दो सौ भाई-बहनों, बच्चों एवं अतिथियों की उपस्थिति में ब्र.कु. राजीव ने बताया कि नशा एक मानसिक कमज़ोरी है जिसे सहज रीति से

**बताया गया...** तम्बाकू एक धीमा ज़हर है जिसमें 4000 रासायनिक द्रव्य होते हैं, जिनमें से 40 खतरनाक द्रव्यों से कैंसर रोग होते हैं। जैसे निकोटिन, कीटनाशक, कार्बन मोनोऑक्साइड, कैडमियम, आर्सेनिक, मीथेन गैस, मेथेनॉल, एसीटोन आदि

स्वयं की आंतरिक शक्तियों की अनुभूति से ठीक किया जा सकता है एवं मेडिटेशन द्वारा न केवल हम व्यसन से बच सकते हैं बल्कि समाज के रचनात्मक कार्यों में अहम् भूमिका भी अदा कर सकते हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजयोगी ब्र.कु. मेहर चंद,नेशनल कोऑर्डिनेटर,स्पोर्ट्स विंग,ब्रह्माकुमारीज़ एवं उत्तराखंड प्रभारी द्वारा किया गया जिसमें सभी उत्तराखंड वासियों को राजयोगी जीवनशैली अपनाकर जीवन को खुशनुमा बनाने की प्रेरणा दी गई। अंत में राजयोगिनी ब्र.कु. नीलम बहन ने सभी को आत्म सम्मान का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ कॉमेन्ट्री द्वारा मेडिटेशन का अभ्यास करवा के इन बुराइयों से बचने की शपथ दिलवाई एवं सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर राजयोग सीखने के लिए प्रेरित किया।

# मानव को मानवता की सर्वोच्चता देना संस्थान का लक्ष्य

**सैदपुर-गाजीपुर(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सैदपुर,कोल्हूवाघाट में आयोजित एक कार्यक्रम के मध्य नई शाखा के समुद्घाटन अवसर पर गाजीपुर संचालिका ब्र.कु. निर्मला दीदी ने बताया कि जीवन में आध्यात्मिक जागृति द्वारा अंतर्निहित आत्मिक शक्तियों को जागृत कर मानव को मानवता के सर्वोच्च स्वरूप तक पहुंचाना संस्था का लक्ष्य है। संस्था के पूर्वांचल क्षेत्रीय प्रबंधक ब्र.कु. दीपेन्द्र ने कहा कि मानव के अंदर से मानवता का ह्रास होना वर्तमान सामाजिक विसंगतियों और बुराइयों का मूल है। ऐसे समय में संस्था मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना द्वारा एक बेहतर विश्व की परिकल्पना को साकार करने हेतु सतत् अग्रसर है। सैदपुर ब्लॉक प्रमुख हीरालाल यादव एवं देवकली ब्लॉक प्रमुख उपेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व भर में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को बढ़ावा दे रही है। वैश्विक स्तर पर सम्मानित आध्यात्मिक संस्था का सैदपुर में संचालन होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। युवा शक्ति संगठन के प्रमुख सुनील यादव एवं सकलडीहा के वंशनारायण सिंह ने शुभकामनायें दीं। स्वागत मन्तव्य स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवं पहाड़पुर के युवा समाजसेवी बृजेश यादव ने दिया। धन्यवाद सैदपुर की सुप्रसिद्ध समाजसेवी बहन



सीता सिंह एवं कार्यक्रम संचालन ब्र.कु. संजू बहन ने किया। मौके पर पूर्वांचल मीडिया प्रमुख ब्र.कु. विपिन, सैदपुर शाखा प्रभारी ब्र.कु. स्मिता बहन सहित ब्र.कु. संध्या बहन, ब्र.कु. गंगाधर भाई, प्रतिमा यादव तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में सिखाई श्रेष्ठ जीवन जीने की कला

**राजनांदगांव-छ.ग.।** स्थानीय सेवाकेन्द्र वरदान भवन,लालबाग में पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर के चाकूबाजी के 26 पूर्व आरोपियों एवं उनके परिवार वालों के लिए व्यसनमुक्ति एवं श्रेष्ठ जीवन जीने की कला हेतु आयोजित कार्यशाला में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. पुष्पा बहन ने कहा कि श्रेष्ठ व सद्चरित्र जीवन से स्वयं व परिवार के जीवन में सुख-शांति रहती है। इसके लिए जीवन में अध्यात्म का समावेश हो। श्रेष्ठ संकल्प कराते हुए उन्होंने सभी को बहुत सहज व सरल राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। ब्र.कु. प्रभा बहन ने मंच संचालन करते हुए कहा कि नारी शक्ति द्वारा संचालित विश्व की यह एकमात्र संस्था है जो विश्व बंधुत्व, विश्व शांति और सर्व के सहयोग से सुखमय संसार के लिए सतत् कार्यरत है। संस्था से जुड़े लाखों भाई-बहनें राजयोग की साधना से व्यसनों से मुक्त हैं। राजयोगी ब्र.कु. झालम भाई ने भारत की महान संस्कृति और परंपरा की याद दिलाते हुए संस्कारवान व चरित्रवान बनने का आह्वान किया। नगर पुलिस अधीक्षक लोकेश देवांगन ने कहा कि जीवन के लिए अच्छी बातें सुनकर सचमुच हृदय परिवर्तन होगा ऐसा मुझे विश्वास है और ब्रह्माकुमारी संस्थान को ऐसे आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। साइबर सेल के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक द्वारिका प्रसाद लाउत्रे ने कार्यक्रम के लिए धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शित किया। मौके पर बसंतपुर थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगावकर, चिखली पुलिस चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर, लालबाग थाना प्रभारी कृष्णकुमार बघेल सहित संस्थान के अनेक भाई-बहनें उपस्थित रहे।



RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd Dec, 2021
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - श्री मुकेश मंगल, डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org